हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025



### नगरीय निकाय चुनाव: सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान, 15 फरवरी को सामने आएंगे परिणाम

# पांच निकाय की सरकार चुनने वोटिंग करेंगे 1.81 लाख मतदाता, 235 मतदान केंद्र संभालेंगे एक हजार कर्मचारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज जिले की पांच शहरी सरकार चुनी जाएगी। जिले के 1.81 लाख मतदाता अपने पसंद के प्रत्याशियों को वोट डालने पहुंचेंगे। जिले में 120 वार्ड के लिए कुल 235 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। केवल शहर में ही हर बूथ में दो मशीनें रहेगी, बाकी सभी जगह हर बूथ में एक ही ईवीएम के सहारे वोट कराए जाएंगे। मतदान की शुरूआत सुबह 8 बजे से होगी। जिसकी समाप्ति शाम पांच बजे होगा। इस बार भी शहरी सरकार चुनने में महिलाएं ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका में रहेगी।

इधर मतदान दिवस से पहले प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को मतदान दल को बूथों के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं आज चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी मतदान केंद्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों दल सभी मतदान केंद्रों में अपने एजेंट को तैनात करेंगे, इसकी सूची तैयार कर ली गई है। कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने पोलिंग एजेंट को बूथों में तैनात करेंगे। मतदान केंद्रों के सौ मीटर दायरे में आने वाले सभी बैनर-पोस्टर को भी हटा दिया गया है।

**हर केंद्र में रहेंगे चार कर्मचारी**

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पांच नगरीय निकायों में मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा। एक मतदान दल में 1 पीठासीन अधिकारी एवं 3 अन्य मतदान अधिकारी हैं। इसके अतिरिक्त सभी मतदान केन्द्रों में व्यवस्था के लिए पृथक से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



### राजनांदगांव में सर्वाधिक, छुरिया नगर पंचायत में सबसे कम वोटर

जिले की पांच निकायों में आज शहरी सरकार चुनी जाएगी। इनमें राजनांदगांव निगम के 51 वार्ड में सर्वाधिक 135151 मतदाता हैं। यहां कुल 155 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं सबसे कम मतदाता छुरिया नगर पंचायत के 15 वार्ड है, जहां सिर्फ 3072 मतदाता शामिल हैं। यहां 15 पोलिंग बूथ हैं। डोंगरगढ़ नगर पालिका के 24 वार्ड में 28040 वोटर और 35 मतदान केंद्र हैं। डोंगरगांव नगर पंचायत के 15 वार्ड में 15 मतदान केंद्र, 11942 वोटर और एलबी नगर नगर पंचायत के 15 वार्ड में 3590 मतदाता और 15 मतदान केंद्र शामिल है।

### आज सवेतन अवकाश घोषित

शासन द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 अंतर्गत आने वाले कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन अर्थात निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त नगरीय निकाय अर्थात नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु मंगलवार 11 फरवरी को सुबह 8 से शाम 5 बजे सवेतन अवकाश दिया जाएगा।

### इन दस्तावेज के आधार पर कर सकेंगे मतदान

मतदाता पहचान-पत्र, बैंक व डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पेनकार्ड), आधार कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाईसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

## नगर पालिका, नगर पंचायतों में भी रोचक हुआ चुनाव, निर्दलीय बराबर से मैदान में डटे

### बागी प्रत्याशियों ने दलों के छुटाए पसीने

डोंगरगढ़ नगर पालिका



डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर धर्मनगरी में रोचक मुकाबले के आसार निर्मित है। यहां भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को बागी प्रत्याशियों में पसीने छुटा दिए हैं। यही कारण है कि इस सीट में जीत का सेहरा किस करवट बैठेगा, यह परिणाम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। डोंगरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के अलावा चार निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा ने रमन डोंगरे को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने नलिनी मेश्राम को प्रत्याशी बनाया है। यहां भाजपा से बागी होकर मुकेश रामटेके और कांग्रेस के बागी भूषण मेश्राम निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राजनैतिक दलों के पूरे समीकरण को बिगाड़ने में लगे हैं। वहीं दो अन्य निर्दलीय भी चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों दलों ने यहां वोटरों को रिझाने की हरसंभव कोशिश की है। इधर 24 वार्डों में पार्षद पद के चुनाव में कुछ स्थानों में आमने-सामने और कुछ में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित है।



### छुरिया में नए चेहरों के बीच संघर्ष

⏩ छुरिया नगर पंचायत

छुरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव में इस बार भाजपा और कांग्रेस द्वारा नए चेहरों को मैदान में उतारने से मतदाताओं में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। भाजपा ने यहां अजय पटेल और कांग्रेस ने रितेश जैन को मैदान में उतारा है। इसके अलावा हमर राज पार्टी से मनभावन उईके और भोजवानी साहू चुनावी जंग में उतरे हैं। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर की स्थिति है। वार्ड पार्षद के चुनाव में भी दोनों दल आमने-सामने हैं।



### चौकी में निर्दलीय ने बिगाड़े समीकरण

⏩ अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत

अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति निर्मित है। भाजपा के गुलाब गोस्वामी और कांग्रेस प्रत्याशी मनीष साहू को कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे अनिल मानिकपुरी टक्कर दे रहे हैं। यहां शिवसेना ने दिनेश ताम्रकार को मैदान में उतारा है। यहां निर्दलीय की उपस्थिति से समीकरण प्रभावित होते दिखाई दे रहे हैं।



### एलबी नगर में रोचक हुआ चुनाव

⏩ एलबी नगर नगर पंचायत


एलबी नगर नगर पंचायत में पहली बार हो रहे अध्यक्ष पद के चुनाव में रोचक मुकाबले की स्थिति निर्मित है। यहां कांग्रेस ने राजकुमार साहू को टिकट दी है। वहीं भाजपा ने देवेन्द्र साहू को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के तीन बागी नेता उषा यदु, पवित साहू और राकेश सिन्हा निर्दलीय होकर जंग में उतरे हैं। बागियों की जमघट से राजनैतिक दलों में रोचक मुकाबला हो रहा है।



### गंडई में भाजपा-कांग्रेस में कांटे का मुकाबला

⏩ गंडई नगर पंचायत

गंडई नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी राजेश मेहता ने कांग्रेस प्रत्याशी युवराज लाल टाकेश्वर शाह खुसरो को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। दोनों प्रत्याशियों ने पिछले दस दिनों के दौरान डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश की है। कई नेताओं की सभाओं के जरिये भी मतदाताओं को साधा गया है। पार्षद पद में भी वार्डों में चुनावी घमासान दिखाई दे रहा है।



### छुईखदान में शीतल-नम्रता के बीच सीधी टक्कर

⏩ छुईखदान नगर पंचायत

छुईखदान नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शीतल नवनीत जैन और कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नम्रता गिरिराज वैष्णव के बीच सीधे मुकाबले की स्थिति निर्मित है। यहां दोनों दलों ने पिछले दस दिनों में मतदाताओं को रिझाने की हर संभव कोशिश की है। वहीं 15 वार्ड में पार्षद प्रत्याशियों के बीच भी रोचक मुकाबले की स्थिति दिखाई दे रही है।



### डोंगरगांव में कांग्रेस-भाजपा के साथ निर्दलीय मजबूत

⏩ छुईखदान नगर पंचायत

डोंगरगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी और कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पदेवी यदु के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी लोढ़ा और सरिता ढीमर भी बराबर से चुनावी मैदान में डंटे हुए है। यहां कांग्रेस और भाजपा के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जमकर दमखम दिखाया है, जिसके चलते मतदाताओं के बीच सभी बराबर की स्थिती में नजर आ रहे है।

# अंतिम दिन डोर-टू-डोर प्रचार कर मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रचार का शोर थमने के बाद प्रत्याशियों ने मतदाताओं के घर बिना बाजे-गाजे के पहुंचकर अपने लिए मतदान करने की अपील की। चुनावी शोरगुल व रैलियों के बीच साइलेंट प्रचार का बड़ा महत्व है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार साइलेंट प्रचार में ही पासा पलटता है। कई बार प्रचार में आगे दिखने वाले प्रत्याशी भी पीछे हो जाते हैं और चुपचाप प्रचार करने वाले बाजी मार जाते हैं। चुनावी शोर थमने के बाद प्रत्याशियों ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान अधिक मतदाता वाले परिवार पर ध्यान केंद्रित करते प्रत्याशी सीधे उनके घर तक पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने अपील करते हुए पारिवारिक माहौल बनाया। इस नगरीय निकाय चुनाव प्रचार का वक्त कम मिलने के चलते प्रत्याशी पहले से ही डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे थे। प्रत्येक घर में पहुंचकर सभी मतदाताओं से मिलना प्रत्याशियों की प्राथमिकता थी। जिसके आधार पर प्रत्याशियों ने अपनी रैली के साथ घर-घर पहुंचकर भी जनसंपर्क किया।



### युवाओं पर रहा अधिक फोकस

भाजपा और कांग्रेस प्रमुख राजनीतिक दल ने इस नगरीय निकाय चुनाव में युवाओं पर काफी फोकस किया। दोनों ही दलों ने अधिकांश युवाओं को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इन प्रत्याशियों में काफी शिक्षित प्रत्याशी भी इस चुनाव मैदान में हैं।

### योग्य उम्मीदवार चुनने का चुनाव

दलगत राजनीतिक से उठकर स्थानीय चुनाव होने के चलते मतदाताओं ने भी योग्य और बेहतर उम्मीदवार का चयन करने के लिए मन बनाया हुआ है। मतदाता ऐसे प्रत्याशी का चुनाव करने में जुटे हैं। जिसमें युवा में जोश हो और उच्च शिक्षित भी हो।

### विकास का वादा कर मांगा वोट

अपने डोर-टू-डोर जनसंपर्क के दौरान पार्षद पद की उम्मीदवार वार्ड में विकास कार्यों को लेकर अपनी प्राथमिकता बताने और मतदाताओं के कहे अनुसार वार्ड का विकास करने को लेकर सहमति जताकर स्वयं के पक्ष में मतदान करने अपील करते रहे।

क्षेत्र का विकास और हर सपने होंगे साकार जब बनेगी ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार



भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा



प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए मतदान सबसे महत्वपूर्ण है। वोट देने का मतलब सिर्फ नेता चुनना नहीं, अपितु अपने सुख-दुख का साथी चुनकर क्षेत्रीय विकास में अपनी भागीदारी निभाना है।

विगत पांच वर्षों में कांग्रेस की अस्थिर नगर सरकार में पंडरिया विधानसभा में गुंडाराज, अराजकता, भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार, अपराध एवं कुशासन पर भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विगत 1 वर्ष में अंकुश लगाने का काम किया है और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को को दुरुस्त करना, नगर का विकास, अधोसंरचना निर्माण, योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पंडरिया विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित किया है।

प्रदेश में भाजपा के सुशासन में महज 14 महीनों में 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से 12000 प्रति वर्ष, 13 लाख से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस, कृषक उन्नति योजना से 24 लाख से अधिक किसानों को अंतर की राशि, 25 लाख से अधिक किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 5 लाख 65 हजार भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता एवं तेंदूपत्ता पारिश्रमिक को बढ़ाकर 5500 रुपए करने जैसे जनहितैषी व अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। भाजपा सरकार की इन सभी कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही हमने नगर के विकास हेतु "हमर संकल्प पत्र" में किये संकल्पों का लाभ भी आप सभी नगरवासियों को मिलेगा।

आप सभी इन विकास कार्यों के साक्षी बनें हैं और योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिला है। आप सभी से अपील है कि आज 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी मतदाता अपने नगर के सर्वांगीण विकास और प्रगति के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाएं।

आपका एक वोट आपके शहर एवं नगर के विकास, समृद्धि, खुशहाली एवं आने वाले उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूती प्रदान करेगा।



मंजुला देवी कुर्रे
अध्यक्ष प्रत्याशी, नगर पालिका पंडरिया

सरिता रामकुमार सोनी
अध्यक्ष प्रत्याशी, नगर पंचायत पांडातराई

मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले जी
अध्यक्ष प्रत्याशी, नगर पंचायत इंदौरी



अपनों से अपनी बात

आदरणीय बंधुओं, माताओं, बहनों एवं स्नेही युवा साथियों,
सादर वंदन,

मधुसूदन यादव की पहचान राजनांदगांव शहर से है, शहर की जनता के प्रेम एवं विश्वास से ही मैं पार्षद से लेकर महापौर बना और फिर सांसद बनकर राजनांदगांव की सेवा करने का अवसर आपने प्रदान किया। शहर को एक विकसित व स्वच्छ शहर के रुप में पहचान दिलाने के लिये मैं प्रतिबद्धतापूर्वक पूर्व में भी आपके विश्वास पर खरा उतरा हूँ, आगे भी खरा उतरूंगा ऐसा विश्वास दिलाता हूँ।

भारतीय जनता पार्टी अपने ध्येय वाक्य "हमने बनाया है-हम ही संवारेंगे" के पवित्र लक्ष्य को लेकर राजनांदगांव शहर के विकास का रोडमैप सुनियोजित प्लानिंग के साथ जनता के सामने रखा है, जिसके तहत "अटल विश्वास पत्र" की गारंटी पूरे शहर के विकास एवं सभी वर्ग के लिये दी गई है। यह विश्वास पत्र राजनांदगांव शहर के लिंये वरदान साबित होगा।

- नजूल भूमि के साथ सभी पट्टाधारकों को जमीन का मालिक बनाया जायेगा।
- शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किया जायेगा।
- महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर लगने वाले प्रापर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की बड़ी छूट दी जायेगी।
- हर महीने की 7 तारीख के पूर्व संपत्तिकर जमा करने वालों को 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।
- नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना होगी, इससे यूपीएससी की मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये की सहायता दी जायेगी।
- शहर के सभी स्कूल व कॉलेज में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा दी जायेगी।
- सड़कों पर ठेले व अन्य तरह से व्यवसाय करने वाले (स्ट्रीट वेण्डर्स) को पी.एम. सम्मान निधि से तीस हजार
- रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी।
- स्व-सहायता समूह की बहनों के लिये नगर निगम में बर्तन बैंक बनाया जायेगा।
- महतारी वंदन योजना का लाभ उठा रही महिलाओं को ढाई लाख रुपये तक का ऋण दिया जायेगा तथा कारोबार शुरु करने के लिये फ्री ट्रेनिंग दी जायेगी।
- उपभोक्ता शुल्क का सरलीकरण कर इसे कम किया जायेगा।
- मॉय सिटी मोबाईल एप लाँच किया जायेगा, इसमें शहर की सीमाएं ऑनलाईन होगी, इससे नागरिकों को नगर निगम तक आने से मुक्ति मिलेगी।
- शहर के सभी तालाबों को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जायेगा ताकि तालाब निर्मल व स्वच्छ रहें।
- शहर की सफाई व्यवस्था रात्रिकालीन भी की जायेगी तथा हर-घर में कचरा संग्रहण के लिये मुफ्त बाल्टी दी जायेगी।
- सड़क पर बैठने वाले गोवंश के संरक्षण के लिये इतंजाम किये जायेंगे।

मेरा आपसे आग्रह है कि आज 11 फरवरी को हो रहे चुनाव में कमल फूल के 2 नंबर का बटन दबाकर राजनांदगांव से भाजपा को अपना समर्थन दे। आपका स्नेह व आशीर्वाद सदैव मुझे मिला है और इस बार भी आपके उसी स्नेह और आशीर्वाद की अपील है। महापौर चुनाव के साथ हो रहे सभी 51 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को भी अपना आशीर्वाद देवे, जिससे कि हम सब मिलकर हमारे राजनांदगांव को उन्नति की राह में आगे बढ़ा सकें।

धन्यवाद



आपका अपना
मधुसूदन यादव

विनीत : भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### नशा नहीं करने की ली शपथ




**छुईखदान।** रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान में नशा मुक्ति अभियान के तहत रासेयो स्वयंसेवकों तथा छात्रों आदि ने अभियान में शामिल होकर नशा नहीं करने की शपथ लिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद नंदनवार ने सभी को शपथ दिलाया। स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट डाउनलोड किया। कार्यक्रम में डॉ सेवक अमृत ढ़ेंगे, रायसेन पाल, भावना मत्स्यपाल एवं जलेश्वरी कँवर उपस्थित थे।

### शोध प्रविधि पर 7 दिवसीय कार्यशाला



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में पीएम उषा योजना अंतर्गत शोध प्रविधि पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञ के रूप में नेमीचंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह उपस्थित थे। पीएम उषा प्रभारी डॉ आरआर कोचे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. र सिंह ने शोध पत्र लेखन तथा नवीनतम शोध कार्य, नई जानकारी का उपयोग आदि पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को शोध के लिए आगे बढ़ने प्रेरित किया। संचालन प्रभात बैस तथा धन्यवाद ज्ञापन ओपी वर्मा ने किया। आयोजन के दूसरे दिन कार्यशाला में विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग की सहायक प्राध्यापक डॉ. लाली शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी महाविद्यालय में शैक्षणिक सेवा में जाना चाहते है तो शोध के प्रति रूचि होना आवश्यक है। दूसरे दिन कार्यशाला का संचालनन प्रभात बैस ने किया। इस दौरान डॉ. आशा चौधरी, जीके यादव, वेदप्रकाश साहू, डॉ. गोकुल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### लक्ष्मीनारायण यज्ञ एवं रामकथा आज

**खुज्जी।** शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं रामकथा में कल 11 फरवरी को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा भी शिरकत करेंगे। वह धार्मिक आयोजन में शामिल होकर मंदिर, यज्ञादि के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित करेंगे।

### चैतु ठाकुर बाबा धाम में मेला कल

**डोंगरगढ़।** बिलहरी में माघी पूर्णिमा के अवसर पर 12 फरवरी को चैतु ठाकुर बाबा धाम में मेला का आयोजन रखा गया है। कहा जाता है कि चैतु ठाकुर बाबा प्राचीन में लघु रूप में थे। जब मनकी बांध नहर का निर्माण हुआ तब पुल निर्माण के साथ ही चैतु बाबा धाम में मंदिर निर्माण की नींव रखा गया था। यहां भव्य शिव मंदिर, हनुमान मंदिर है वहीं बच्चों- महिलाओं के लिए झूला लगा है। यहां जानकारी शिवकुमार सिन्हा ने दी।

### अर्जुनी में निकाली जागरुकता रैली

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार ग्राम में 10 फरवरी को छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मतदाता जागरूकता के पोस्टरों को विभिन्न परिसरों में चस्पा किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने ग्रामीणों को मतदान के बारे में बताया। इस मौके पर हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, दुष्यंत साहू, डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजूसिंह, सरोजनी वर्मा, नंदनी कुर्रे, हनी ठक्कर, हिमानी साहू, लीना साहू, सौम्या देवांगन, शुभि जैन, चाँदनी पराते के अलावा डामेश्वरी, काजल, टिकेश्वरी, लक्ष्मी, प्राची, मोनिका, तुलसी, उपासना, वीणा, भारती, रूपेश कुमार, मोहित कुमार, चन्द्रभान, योगेश, गोर्वधन आदि मौजूद थे।

### ट्रिपल इंजन सरकार बनाने की अपील

**सड़क अतरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों का प्रचार जोरों पर है। रविवार को सांसद संतोष पांडेय ने जिला पंचायत क्षेत्र तीन के चकनार में भाजपा उम्मीदवार प्रियंका ताम्रकार और चार में विक्रांतसिंह के पक्ष में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधा के विकास और ग्रामीणों के स्तर को उठाने के लिए ट्रीपल इंजन सरकार बनाने की अपील किया। इस मौके पर घम्मन साहू, खम्हन ताम्रकार, आनंद पटेल सहित अन्य मौजूद थे। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच में कांग्रेस के कामदेव जंघेल के ओटेबंद में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कांग्रेसियों ने हर बूथ पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाया। कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, भुनेश्वर साहू, रामकुमार पटेल, तोसण कोसरे, कामदेव जंघेल ने संबोधित किया।

### व्याख्याता का किया सम्मान

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व्याख्याता अजय पाठक का कार्यक्रमों के संचालन एवं संपादन में सहयोग के लिए प्राचार्य आरके देवांगन ने सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शाला में मां सरस्वती प्रतिमा की स्थापना सामुदायिक सहभागिता से किया गया है। इस अवसर पर आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, बिंदु साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### घनश्याम दास गांधी



**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी घनश्याम दास गांधी का 65 वर्ष की आयु में रविवार की रात आकस्मिक निधन हो गया है। वह वरिष्ठ समाजसेवी नारायण दास गांधी के ज्येष्ठ पुत्र और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर विधायक दलेश्वर साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, देशराज जैन, सतीश जैन, डॉ. निरेन्द्र साहू आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### सरिता सिन्हा



**डोंगरगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय की हिन्दी शिक्षिका सरिता सिन्हा का निधन 9 फरवरी को हो गया। वह दो-तीन वर्षों से अस्वस्थ थी। उनका संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में उपचार चल रहा था। वह 2005 से 2016 तक जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली और फिर डोंगरगढ़ में 2016 से अब तक कार्यरत थी। उनका अंतिम संस्कार 10 फरवरी को गृहग्राम बीरेतरा जिला बालोद में किया गया। उनके निधन पर विद्यालय के शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

### 11942 मतदाता मतदान कर नए पार्षदों एवं अध्यक्ष का करेंगे चयन

# शहर सरकार के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अगली शहर सरकार के लिए कल 11 फ़रवरी को मतदान होगा। मतदान कराने के लिए सोमवार को सामग्री वितरण किया गया। शहर के 11 हजार 942 महिला- पुरुष मतदान कर नए अध्यक्ष और पार्षदों का चयन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा से अंजू त्रिपाठी, कांग्रेस से पुष्पदेवी यदु प्रत्याशी है। वहीं कांग्रेस से त्यागपत्र देकर निवर्तमान उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने अपनी पत्नी पिंकी लोढ़ा को मैदान मे उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरिता ढीमर भी अपनी किस्मत आजमा रही है। नाम वापसी और चिन्ह आबंटन के बाद से प्रचार थमने तक सभी उम्मीदवारों ने मतदाताओं को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

### निर्दलियों ने उड़ाई नींद

अध्यक्ष पद की निर्दलीय पिंकी लोढ़ा और सरिता ढीमर ने कांग्रेस- भाजपा को टेंशन में डाल रखा तो वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी प्रभावी मौजूदगी दर्ज कराते रहे। शहर के वार्ड क्रमांक एक, दो, तीन, पांच, नौ, 12 और 13 में भाजपा - कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं वार्ड क्रमांक चार, छह, सात, आठ, 10 और 15 में एक से अधिक उम्मीदवार होने से दलगत प्रत्याशी संशय में नजर आए।

### 15 बूथ में होगा मतदान

जानकारी के अनुसार वार्ड एक के 917 मतदाता बीटीआई भवन के कक्ष 1, वार्ड दो के 966 बीटीआई भवन के कक्ष 2, वार्ड तीन के 625 बीटीआई भवन के कक्ष 3, वार्ड चार के 557 वोटर बालक प्राथमिक शाला, वार्ड 5 के 939 आत्मानंद स्कूल के कक्ष एक, वार्ड 6 के 604 प्राथमिक शाला सेवताटोला के कक्ष एक, वार्ड सात के 622 बालक पूर्व माध्यमिक शाला के कक्ष एक, वार्ड आठ के 974 मतदाता प्राथमिक शाला भवन सेवताटोला के कक्ष दो, वार्ड 9 के 705 प्राथमिक शाला करियाटोला, वार्ड 10 के 999 बालक पूर्व माध्यमिक शाला के कक्ष दो, वार्ड 11 के 915 स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्ष 2, वार्ड 12 के 909 प्राथमिक शाला बोधीटोला, वार्ड 13 के 769 प्राथमिक शाला मटिया के कक्ष एक, वार्ड 14 के 627 प्राथमिक शाला मटिया के कक्ष 2 और वार्ड 15 के 814 मतदाता स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्ष क्र. 3 में मतदान करेंगे।



### चुनाव प्रचार पर लगा विराम

**डोंगरगढ़।** चुनाव प्रचार थमने के बाद भाजपा- कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपनी बातों को रख कर मतदान करने का आव्हान किया। प्रचार के लिहाज से देखा जाए तो शुरू से आखिरी दिन तक भाजपा आगे नजर आई। वहीं कांग्रेस ने अंतिम दिन शहर में माहौल बनाया। अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवार और उनके समर्थक अपने वार्डो में मतदान करने के अपील करते दिखाई दिये।

### भाजपा ने किया डोर टू डोर प्रचार

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में हो रहे नगर पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने भाजपा के अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवारों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। पहली बार नगर पंचायत के चुनाव होने से मतदाता में उत्साह देखने मिल रहा है। अध्यक्ष के उम्मीदवार देवेन्द्र साहू जो पूर्व में सरपंच रह चुके है अपने कार्यकाल में कराए कार्यों को मतदाताओं को रखकर समर्थन मांगा। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा नेता जीत के लिए एकजुटता के साथ डटे रहे। इस दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार देवेन्द्र साहू, चुनाव प्रभारी सुनील जैन चीकू, मनोज कांडे, रमेश यादव, राजेन्द्र तिवारी, जीवन साहू, नोबल साहू, ममता निर्मलकर, हेमलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



**गंडई पंडरिया।** निकाय चुनाव के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया है।उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम की टेस्टिंग के बाद मतदान कराया जाएगा। जानकारी अनुसार सोमवार को शासकीय हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पोलिंग बुध के अधिकारियों कर्मचारियों को एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर सुश्री रेणुका रात्रे ने अंतिम प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मतदान के दौरान बरतने वाले एहतियात और अन्य प्रक्रियाओ से अवगत कराया गया। प्रत्येक मतदान केंद्र में 4 अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया गया है। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने 70 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती किया गया है।

### गोपनीयता भंग करने पर होगी कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के लिए कल 11 फरवरी को मतदान होना है। मतदान की गोपनीयता भंग करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत कार्रवाई हो सकती है। कल ही एलबी नगर में भी मतदान होगा। मतदाताओं बूथ के अंदर मोबइल नहीं ले जा सकते। किसी ने बैलेट यूनिट की बटन दबाते हुए फोटो एवं वीडियो वायरल किया तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## स्कूल की छात्राओं ने जाना कैंसर के कारण

**डोंगरगांव।** भारतीय पब्लिक स्कूल में सोमवार को रेडक्रास और महिल सेल ने कैंसर, माहवारी,स्वास्थ्य,स्वच्छता और पोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। प्राचार्य सुनील पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की छात्राओं को माहवारी, कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। आईआई आफ चेरीटेबल ट्रस्ट की दुर्ग जिला संयोजक हेमपुष्पा साहू ने माहवारी संबंधी समस्या, सर्वाईकल कैंसर,गर्भाशय कैंसर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बीमारी को दूर करने का एक ही ईलाज है कि सभी अपने स्वास्थ्य और खानपान का ध्यान रखे। चैरीटेबल के राज्य समन्वयक करण साहू, क्षेत्राधिकारी नारायणदास, विकासखंड की वितरक कामिनी गौतम ने भी छात्राओं को माहवारी एवं कैंसर के संबंध में उपयोगी जानकारियां दिया साथ ही माहवारी संबंधी भ्रांतियों पर चर्चा करते हुए सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में बताया। इस मौके पर शिक्षिका रेणुका साहू, योगिता साहू, प्रज्ञा, श्रुति एवं वीणा साहू मौजूद थी।

## चंद्रगिरि में धूमधाम से मना दीक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज द्वारा नैनागिर में पहली बार दीक्षित आर्यिका गुरुमति माता, दृणमति माता सहित अन्य 11 आर्यिकाओं को दीक्षा दिवस चन्द्रगिरि में श्रद्धा के साथ मनाया गया। नैनागिर में 12 क्षुल्लक दीक्षा भी हुई थी।

दीक्षा महोत्सव को याद करते हुए निर्यापक मुनि समतासागर महाराज, आर्यिका संघ एवं ऐलक निश्चयसागर महाराज ने अपने संस्मरण सुनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विराजमान निर्यापक मुनि समतासागर, मुनि श्री पवित्रसागर, मुनि श्री आगमसागर, मुनि श्री पुनीत सागर महाराज का पाद प्रछालन ऐलक निश्चयसागर, ऐलक धैर्यसागर, ऐलक निजानंद सागर, ऐलक स्वागत सागर, संयम सागर तथा ब्रह्मचारियों ने किया। आर्यिका रत्न गुरुमति माता, आर्यिका रत्न दृणमति माता, आदर्श मति माता, पावन मति माता, भावनामति माता आदि ने मुनि श्री को नमोस्तु निवेदित किया।

इस अवसर पर आचार्यश्री की संगीतमय पूजन की गई। मुनि संघ, आर्यिका संघ एवं ऐलक निश्चयसागर महाराज ने आचार्यश्री को याद करते हुए उनकी महिमा का बखान किया।

## बीईओ की उपस्थिति में देखा परीक्षा पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, बीआरसी दिनेश मालेकर और प्राचार्य आरके देवांगन की उपस्थिति में विद्यालय परिवार ने पीएम के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखा। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव न लेने, खान-पान पर ध्यान देने एवं प्राणायाम करने की सलाह दी। पीएम ने कुछ कहानियों और उदाहरण से बच्चों को उनके सवाल का उत्तर दिया।

बीईओ हिमांशु मिश्रा ने 10वीं एवं 12वीं में मेरीट सूची में आ सकने वाले बच्चों से चर्चा किया। सभी की उत्तर पुस्तिकाओं को देखा व तैयारी की जानकारी लिया। विषय शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए। यह जानकारी व्याख्याता अजय पाठक ने दी। इस दौरान आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू , चन्द्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शिशु मातृत्व भवन जिला चिकित्सालय बसंतपुर में बच्चों को विटामिन ए की अनपूरक दवा पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। उन्होंने शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण सत्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए विटामिन ए एवं आईएफए का सिरप पिलाने पालकों से अपील की है। सीएमओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। आंखों की परत यानी कार्निया सुरक्षित होती है, इससे बाल मृत्यु दर में कमी, दस्त, खसरा एवं आंखों के रोग रतौंधी और कुपोषण से बचाव होता है। शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले में बच्चों को मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष टीकाकरण सत्र कर आईएफए एवं विटामिन ए की सिरप पिलायी जाएगी।

## छात्रों ने देखा ऐतिहासिक धरोहरों को



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने कला संकाय के छात्रों के लिए भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया। छात्रों ने खुंटाघाट डेम, महामाया मंदिर रतनपुर और देवरानी-जेठानी मंदिर तालागांव का भ्रमण किया।

तालागांव में छात्रों ने मनियारी नदी के तट पर स्थित देवरानी-जेठानी मंदिर के साथ ही प्रसिद्ध रुद्र शिव प्रतिमा का अवलोकन किया। इस प्रतिमा में विभिन्न पशु-पक्षियों के चित्र उकेरे गए हैं, जो इसे विशेष बनाते हैं।

यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे की अनुमति से भूगोल विभागाध्यक्ष असीत साहू और अर्थशास्त्र के प्राध्यापक गौरव जैन के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने भ्रमण के दौरान ऐतिहासिक धरोहरों, भौगोलिक संरचना और सांस्कृतिक महत्व को समझा।

## हैदराबाद से जा रही थी ससुराल वापस, बस में हुआ प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सवारी उतारने रूकी बस में सुबह-सुबह बच्चे की किलकारी गूंजने से नया बस स्टैंड का पूरा माहौल खुशनुमा हो गया। जानकारी अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर के पास जरौधा गॉव की रहने वाली 27 साल की गर्भवती महिला देवकुमारी पति दक्ष निषाद के साथ डिलवरी के लिए कांकेर रोडवेज के बस क्रमांक सीजी19 एफ 8100 से हैदराबाद से वापस जरौधा जा रही थी। इसी दौरान सुबह साढ़े छै बजे के आसपास नए बस स्टैंड मे खड़ी बस में उसे प्रसव पीड़ा हुई। साथ में मौजूद सास ने अविलंब सारी स्थितियों को समझा, आसपास की सीटो पर बैठी महिलाओं ने अविलंब साड़ी और चादर का घेरा बनाकर अस्थाई डिलवरी रूम तैयार किया और प्रसव की जानकार महिलाओं ने प्रसव में सहयोग किया जिसके चलते महिला देवकुमारी ने बच्ची को जन्म दिया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के वाहन से जच्चा बच्चा दोनों सिविल अस्पताल पहुंचे जहॉ से प्राथमिक परीक्षण बाद वापस भेजा गया। महिला की सास ने बताया कि डॉक्टरों ने डिलवरी के लिए 18 तारीख का समय तय किया था जिसके कारण वो बहू देवकुमारी को लेकर वापस गॉव लौट रही थी। बेटा दक्ष अभी भी हैदराबाद में है। उसने बताया कि पहले से बेटे बहू का एक बेटा है आज लक्ष्मी स्वरूप बिटिया के आने से पूरा परिवार खुश है। उसने बस में सवार यात्रियों, डॉक्टर कंडक्टर सहित अन्य को धन्यवाद दिया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## कॉलेज में बी.एड की मॉडल परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** कांफ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव द्वारा विद्यार्थियों में परीक्षा तनाव को कम करने एवं परीक्षा की तैयारी पूर्ण कराने के उद्देश्य से मॉडल परीक्षा करवाया गया। परीक्षा प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि जब परीक्षा का समय आता है तो विद्यार्थियों को तनाव महसूस होता है और परीक्षा के तनाव को दूर करने तथा आगामी परीक्षा कैसे देना है, उसकी तैयारी करने के उद्देश्य से छात्रों के लिए सकारात्मक और सहायक शिक्षण वातावरण देना, इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य होता है। मॉडल परीक्षा देने से विद्यार्थी मुख्य परीक्षा के लिए अपनी तैयारी सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि मॉडल परीक्षा में छात्रों को लिखने की प्रैक्टिस हो जाती है। साथ ही समय का प्रबंध कैसे करना है, इकाई के अनुसार कैसे समय निर्धारित कर सके, इसकी तैयारी मॉडल परीक्षा कराने से हो जाती है। मॉडल परीक्षा आगामी मुख्य परीक्षा के पूर्व किया गया प्रयास होता है। इससे विद्यार्थियों को लिखने एवं लेखनी सुधारने में मदद मिलती है।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुरगी में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के सदस्यों द्वारा 10 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सुरगी में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, सुरगी सरपंच आनंद साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष एसके देवांगन ने किया। बच्चों द्वारा पहले माता-पिता को आसन में बिठाकर फूल-माला पहनाकर, तिलक लगाकर आरती उतारी गई। युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी में मातृ देवो भवः पितृ देवो भवः जैसी संस्कृति को जागृत करने का प्रयास हमारे संस्था के सदस्यों द्वारा विगत 16 वर्षों से अलग-अलग स्थानों में पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष हजारों युवा जुड़कर पूजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी यह पूजन कार्यक्रम तीन स्थानों पर तय हुआ। जिसमें आज अर्जुनी में कार्यक्रम किया गया। अगला कार्यक्रम कल 11 फरवरी को छुईखदान तथा 14 फरवरी को वृद्धाआश्रम रायपुर नाका में आयोजित होना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भरत देवांगन, हरिश साहू, रोहित देवांगन, संदीप रंगारी, ओमप्रकाश निषाद, लिखन साहू, केशर साहू, शामेश्वरी, नोमेश्वरी साहू, सुमित्रा साहू एवं रामखेलावन साहू का योगदान रहा।

### नवगठित जिले में पहली बार आयोजित हुई परीक्षा

# जिले में पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दिलाकर खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में सफलता पूर्वक हुआ। परीक्षा का आयोजन नवगठित जिले में पहली बार हो रहा था इस वजह से खुद के जिले में पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दिलाकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे।

परीक्षार्थियों ने खुद जिले में परीक्षा दिलाने को लेकर ख़ुशी जाहिर करते हुए विशेष प्रयासों के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया। जिले में 909 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें क्रमशः 666 व 665 अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन ने सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की। नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया था। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों पर नकल और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने टीम तैनात थी। इस दौरान एडीएम प्रेम कुमार पटेल, प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे मौजूद थे।



### परीक्षार्थी बोले- संतुलित और सारगर्भित

इस दौरान परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र को संतुलित और सारगर्भित बताया। अधिकांश प्रश्न पंचायती राज व्यवस्था, छत्तीसगढ़ का इतिहास और संस्कृति, वर्तमान परिदृश्य, राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे विषयों से संबंधित थे। अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्न पत्र न तो बहुत कठिन था और न ही बहुत आसान। कुछ सवालों को तथ्यों और विश्लेषण के आधार पर हल करना पड़ा, जिससे परीक्षा के स्तर को मानक और प्रतिस्पर्धात्मक माना जा रहा है।

### पहली पाली में 243 और दूसरी में 244 रहे अनुपस्थित

नोडल अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन प्रथम बार हुआ है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। जिले में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें कुल 909 परीक्षार्थियों के लिए बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। जिसमें क्रमशः प्रथम पाली में 243 और द्वितीय पाली में 244 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम परीक्षा केन्द्र रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में 450 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। जहां पहली पाली में 337 व दूसरी पाली में 335 उपस्थित रहे। जबकि क्रमशः 113 व 115 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इसी तरह द्वितीय परीक्षा केन्द्र पीएमश्री डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय आदर्श हिन्दी/अंग्रजी मीडियम स्कूल खैरागढ़ में 459 परीक्षार्थी में से प्रथम पाली में 329 और द्वितीय पाली में 330 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। जबकि क्रमशः 130 व 129 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# जिले में बनाए गए 11 आदर्श मतदान केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया व लालबहादुर नगर में कुल 11 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 128 शासकीय कमलादेवी कन्या महाविद्यालय उत्तर भाग राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 120 शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय मध्य भाग, मतदान केन्द्र क्रमांक 64 गुरूनानक स्कूल पूर्व भाग, मतदान केन्द्र क्रमांक 85 गायत्री स्कूल कंचनबाग उत्तर भाग एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 44 शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव (स्टेट हाईस्कूल) कक्ष 16, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 18 कार्यालय नगर पालिका भवन डोंगरगढ़ पूर्व दिशा, मतदान केन्द्र क्रमांक 22 खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ उत्तर मध्य दिशा एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 24 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल डोंगरगढ़ उत्तर दिशा तथा नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 12 प्राथमिक शाला भवन बोधीटोला साकेतधाम डोंगरगांव, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 1 स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरिया एवं नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 13 बालक प्राथमिक शाला लाल बहादुर नगर पश्चिम दिशा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## भाजपा से तीन और निलंबित

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी नगर निगम चुनाव में पूरी मुस्तैदी से चुनाव लड़ रही है और अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाने में कतई देर नहीं कर रही है। यही कारण है कि लगातार भाजपा से निष्कासित एवं निलंबित होने वाले नेताओं का क्रम शुरू हो चुका है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 17 के दीपेश सोनी, वार्ड क्रमांक 18 से लोकचंद ठाकरे एवं वार्ड नंबर 48 से पार्थ गेंड्रे को पार्टी के विरोध में कार्य करने के कारण पार्टी से निलंबित कर दिया गया है।

# क्रॉस पर्पज नाटक की प्रस्तुति के साथ भारत रंग महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि व एनएसडी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छै दिवसीय भारत रंग महोत्सव का समापन क्रॉस पर्पज नाटक की प्रस्तुति साथ हुआ। संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित वरिष्ठ निदेशक राजकमल नायक के मुख्य आतिथ्य, लेखक व समीक्षक डॉ जीवन यदराही, जिला सत्र न्यायाधीश चंद्र कुमार कश्यप, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल और अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डॉ मृदुला शुक्ल के विशिष्ट आतिथ्य में समापन समारोह हुआ।

अतिथियों का स्वागत संयोजक व अधिष्ठाता डॉ योगेन्द्र चौबे ने किया। एनएसडी संकाय सदस्य दीपांकर पॉल ने आयोजन में शामिल समस्त अतिथियों सहित दर्शकों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव मे अंतिम प्रस्तुति के रूप में अल्बेयर कामू द्वारा रचित नाटक क्रॉस पर्पज का नमस्ते थियेटर पुणे महाराष्ट्र द्वारा प्रस्तुति दी गई इसका रूपांतरण शरदचन्द्र ने किया है। क्रॉस पर्पज में अल्बेयर कामू ने जीवन को रूपाकार देने वाली निजी कामनाओं और सामाजिक दबावों के मध्य के तनाव की पड़ताल किया है। नाटक संवादहीनता के चलते त्रासद दुष्परिणामों का खुलासा करता है क्योंकि अपने कठोर विश्वासों से संचालित चरित्र एक-दूसरे से टकराते हैं और अपने अपने मतभेदों को सुलझाने में असमर्थ हैं। यह नाटक एक ऐसे संसार में अर्थ के लिए मानव संघर्ष का कटु चित्रण है, जो इच्छाओं व कामनाओं के प्रति उदासीन महसूस होता है। प्रस्तुत नाटक के मर्म बिन्दु में भावनात्मक एकाकीपन और अस्तित्वादी द्वन्द्व को रेखांकित व लक्षित किया गया है। चरित्रों की आंतरिक लड़ाईयां गतियों, निस्तबद्धता और कच्ची न्यूनतमवादी दृश्यबंध अभिकल्पना के माध्यम से उनके मध्य के अंतराल में प्रतिबिंबित होंगी। प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को उनके अपने अर्थ दोषों से दो-चार होने और व्यक्तिगत सत्य सहित अपने इर्दगिर्द के संसार के मध्य के दर्दनाक अंतराल पर मंथन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



### राजपाल यादव है रंगदूत

एनएसडी के रंगदूत राजपाल यादव ने अपने विचार साझा करते हुए कहा 1997 में एनएसडी से स्नातक होने के बाद भरंगम 25 के लिए रंगदूत के रूप में वापस आना जीवन चक्र पूरा करने वाला एहसास दिला रहा है। यहां उच्च स्तर की कला अक्सर सीमित संसाधनों के साथ होती है, जो सिनेमा की दुनिया से पूरी तरह अलग है। उन्होंने कहा कि रंगमंच और नाट्य के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का मिशन लेकर एनएसडी जो दुनिया के प्रमुख रंगमंच संस्थानों में से एक है उसने अद्वितीय प्रतिभा तैयार की है। जल्द ही वैश्विक स्तर पर हम नेतृत्वकर्ता के रूप में पहचाने जाएंगे। गौरतलब है कि भारत रंग महोत्सव का मुख्य उद्देश्य 1999 में अपनी शुरुआत से भारतीय रंगमंच कलाकारों को मंच प्रदान करना रहा है लेकिन यह अब ज्ञान साझा करने का मंच भी बन गया है, जो समृद्ध अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है।

### विचारों के आदान-प्रदान का अवसर

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर एनएसडी निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने कहा कि भारत रंग महोत्सव अपने विस्तृत दृष्टिकोण के साथ वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण रंगमंच उत्सव बन गया है। यह न केवल दुनिया भर से रंगमंच प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करता है बल्कि विभिन्न पारंपरिक प्रदर्शन कला रूपों के एकीकरण के लिए भी अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त यह नाट्य कला और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों के व्यक्तियों के बीच ज्ञान साझा करने और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम भी बना है। उन्होंने कहा कि एनएसडी की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए इस दफे महोत्सव का आयोजन दो अंतर्राष्ट्रीय स्थलों पर हो रहा हैं। आने वाले वर्षों में उत्सव के दायरे को और बढ़ाने का लक्ष्य रखकर इसे अन्य महाद्वीपों तक पहुंचाने की योजना बना रहे हैं। उन्होने बताया कि 2024 के जन भारत रंग प्रोजेक्ट के साथ एक समान विषय पर सबसे अधिक कलात्मक प्रस्तुतियों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन से प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद एनएसडी ने विश्व जन रंग की शुरुआत की है। यह एक वर्चुअल प्रस्तुतियां हैं, जो दुनिया भर के सात महाद्वीपों में छोटे नाटकों के रूप में दी जा रही हैं। उपाध्यक्ष प्रोफेसर भारत गुप्त ने कहा कि भारत रंग महोत्सव एनएसडी के 65वें वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है, एक रंग श्रेष्ठ रंग यानि एक अभिव्यक्ति सर्वोच्च सृजन को अपनाते हैं, क्योंकि रंगमंच हम सभी को जोड़ता है। कहानी सुनाने की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से सीमाओं को पार करने वाले महोत्सव सही मायनो मे एकता, उत्कृष्टता और रंगमंच की शाश्वत शक्ति का उत्सव है।

# टी-20 में ओड़िसा के गेंदबाजों ने मुकाबला हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिग्विजय स्टेडियम में खेले जा रहे रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप में ओड़िसा क्रिकेट एसोसिएशन के गेंदबाजों की लाइन-लेंथ से भटकी गेंदबाजी ने महाराष्ट्र इलेवन को तोहफे में जीत दे दी। टूर्नामेंट के इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में महाराष्ट्र के बल्लेबाजों ने जूझते हुए आखिरी ओवर में दो विकेट से टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत दर्ज की। जबकि ओड़िसा की अपने पुल में ये लगातार दूसरी हार है।

चैम्पियनशिप की पिछली विजेता रही छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने अपने दूसरे मैच में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन को मात देने व जीत के साथ अपनी बादशाहत कायम रखी है। टीम के विकेट कीपर राहुल प्रधान (56 रन) की पारी ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। विदर्भ के गेंदबाज सनमेष देशमुख ने टीम की ओर से 3 विकेट लिए, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल सका। मंगलवार से चैंपियनशिप में पुल बी के मुकाबले शुरू होंगे।




### छत्तीसगढ़ ने फिर जमाई धाक, विदर्भ की पहली हार

चैम्पियनशिप का दूसरा मुकाबला छग स्टेट क्रिकेट संघ बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुआ। विदर्भ के कप्तान मंदार माहाले ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। बल्लेबाजी करने उतरे विदर्भ की टीम ने अच्छी शुरूआत की। टीम का पहला विकेट 48 रन पर स्कोर गंवाया। बल्लेबाज राहुल प्रधान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**आज के मैच**

- 8.30 बजे क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड बनाम राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन।
- 4.30 बजे डीसीए राजनांदगांव बनाम झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन।

### ओड़िसा की दूसरी हार, कमजोर गेंदबाजी के चलते मैच गंवाया

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मुकाबला ओड़िसा क्रिकेट एसोसिएशन बनाम महाराष्ट्र इलेवन के बीच खेला गया। ओड़िसा के गेंदबाजों ने दोनों छोर से गेंदबाजी में कई गलतियां की और 15 अतिरिक्त रन दिए, जो टीम की हार की वजह साबित हुआ। महाराष्ट्र ने दो गेंद शेष रहते यह मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। ओड़िसा के बल्लेबाज आशीर्वाद को उनकी उल्लेखनीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# विधिक अधिकार और जागरुकता कार्यशाला का समापन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में पीएम उषा प्रकोष्ठ, आइक्यूएसी प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के लिए आयोजित विधिक अधिकार एवं जागरूकता विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के प्रथम दिन रायपुर से पधारी एडवोकेट गरिमा सिडार ने महिलाओं के लिए नए संशोधित कानून में बदलाव एवं यौन उत्पीड़न में सजा के प्रावधान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन रायपुर से पधारे प्राध्यापक विधि विभाग हेमंत नंदगौरी ने भारतीय संविधान में महिलाओं के विशेषाधिकार पर छात्राओं को जागरूक किया। तीसरे दिन शासकीय योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर के अतिथि वक्ता संदीप सरवन ने सूचना के तहत अधिकार, उसका उद्देश्य, महत्व और उसकी प्रक्रिया पर छात्राओं को जागरूक किया। चतुर्थ दिन बिलासपुर हाईकोर्ट की अधिवक्ता प्रतीक्षा सिंह ने छात्राओं को सायबर क्राइम, अपराधीकरण एवं महिलाएं कैसे सुरक्षित रहें, इस गंभीर विषय पर सजग किया। कार्यक्रम के अंतिम एवं समापन दिवस पर बालोद से पधारी सहायक प्राध्यापक डॉ. स्वाति वैष्णव ने महिलाओं के लिए उपभोक्ता अधिनियम और अधिकार की आवश्यकता पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से कार्यशाला के विषयों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. दामले ने अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राएं सचेत होगी और समाज में बढ़ रहे अपराधों से अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं, ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राओं एवं महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या देशपांडे व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलम तिवारी ने किया। पांच दिवसीय कार्यशाला का प्रतिवेदन डॉ. आराधना गोस्वामी ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में डॉ. मीना प्रसाद संयोजक महिला प्रकोष्ठ, डॉ. अनीता साहा, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. किरण जैन, करुणा रावत, रोहिणी समीराथ, डॉ. स्वयंसिद्ध झा सहित सहायक प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।




# ब्राम्हण समाज के बटुकों का उपनयन संस्कार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री रामायण प्रचारक समिति सत्संग भवन में 9 फरवरी को अध्यक्ष शकुन तिवारी की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। समाज की अध्यक्ष ने बताया कि सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज का गठन 2007 में शकुन तिवारी, प्रभा शुक्ला, अर्चना शुक्ला, वंदना तिवारी द्वारा किया गया है। इन सभी के अथक प्रयास से विगत 18 वर्षों से संचालित यह संस्था लगातार सामाजिक, धार्मिक श्रेत्र में कार्य करते पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों छुरिया, संजारी बालोद, दुर्ग व कवर्धा सहित 21 ब्राह्मण बटुकों को शास्त्रोचित विधि-विधान से जनेऊ धारण करवाया गया।


संगठन के सचिव वंदना तिवारी ने बताया कि उपनयन संस्कार के प्रारंभ में सभी बटुकों की माताओं द्वारा चुलमाटी की रस्म निभाई गई। इसके बाद बटुकों के माता-पिता तत्पश्चात बटुक द्वारा गौरी-गणेश, मंडप आदि देव पूजन किया गया। बटुकों को पीसी हुई कच्ची हल्दी से हरिद्रालेपन कर बटुक परिजनों द्वारा आपस में पारंपरिक चिकट का कार्य संपन्न हुआ। सभी बटुकों के लिए प्रतिनिधि रूप में मुख्य मंडप में मातृकापूजन होने के बाद सभी बटुकों को नहडोरी विधि उपरांत मुंडन करवाकर स्नान करवाया गया। स्नान बाद बटुकों ने आचार्यों के साथ अष्ट ब्राह्मण भोज के अंतर्गत भोजन किया।



संस्कार के दूसरे चरण में पं. राजेन्द्र द्विवेदी द्वारा बटुकों को मेखला, दंड आदि धारण करवाकर जनेऊ पहनाया गया। हवन कर शिक्षा, दीक्षा आदि ग्रहण करने के बाद सभी ब्राह्मण बटुकों ने भवति भिक्षां देहि बोलते भिक्षा मांगी। कार्यक्रम के अंत में बटुकों ने नए वस्त्र के रूप में पीला कुर्ता, सफेद पायजामा आदि पहनकर दूल्हे की भांति तैयार हुए और देव दर्शन के लिए आतिशबाजी एवं गाजे-बाजे के साथ बटुकों की बारात ने श्री रामायण प्रचारक समिति से निकलकर नगर भ्रमण करते मां भगवती शीतला माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पोषण शुक्ला ने बटुकों को जनेऊ पहनने और उतारने के नियम बताए। पं. अंबिका प्रसाद शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में कुल चौबीस संस्कार होते हैं। इसमें से 16 प्रधान संस्कार व 8 उप संस्कार होते हैं। उपनयन संस्कार यानी जनेऊ संस्कार को दसवां स्थान प्राप्त है। इसे यज्ञोपवीत, व्रत बंध ब्रह्म बंध, मौनी बंध भी कहा जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव व मणि भास्कर गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि निखिल द्विवेदी व मधुबाला श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शरद तिवारी, देवेन्द्र चौबे, अशोक शुक्ला, उमेश मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, भारत भूषण दुबे, महेन्द्र शुक्ला, खैरागढ़ डाइट प्राचार्य सुनील शर्मा, अशोक पाण्डेय का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

आयोजन में नमन पांडेय, दानेश्वर शर्मा, हितेश्वर शर्मा, विनय चौबे, अमित शर्मा, रजत शर्मा, राहुल शर्मा, आर्यन पाठक, प्रभात तिवारी, गणेश तिवारी, आकाश तिवारी, विकास तिवारी, नमन अवस्थी, नवीन शर्मा, लक्ष्य शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, ओम शर्मा, झलक मिश्रा बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया।

सुबह 8 से शाम 6 बजे तक चले इस आयोजन में आयोजक मंडल के प्रभा शुक्ला, अर्चना शुक्ला, प्रीति तिवारी, कल्पना पांडेय, गौरी शर्मा, ममता द्विवेदी, यामिनी शर्मा, रीमा चौबे, किरण तिवारी, रमा तिवारी, प्रियंका शुक्ला, अल्का शर्मा, गीता शर्मा, मंजू शर्मा, अर्चना चौबे, मनीषा शर्मा, सत्यभामा शर्मा, अपूर्वा द्विवेदी, संगठन प्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## चुनावी खबरें

### शीतल ने क्षेत्र में विकास के लिए मांगा वोट

**छुईखदान।** छुईखदान नगर पंचायत में भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शीतल नवनीत जैन ने मतदाताओं से अपने पक्ष में आशीर्वाद की अपील की है।



छुईखदान नगर पंचायत में अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी शीतल नवनीज जैन के पक्ष में पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपील करते कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है, भाजपा विकास कार्यों के लिए संकल्पित है। पूर्व में क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ रैली निकालकर एवं डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद भी मांगा था।

प्रचार-प्रसार थमने के बाद शीतल नवनीज जैन ने मतदाताओं से अपने पक्ष में आशीर्वाद मिलने की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि जनता सेवकों को मौका जरूर देगी।

### राकेश ठाकुर ने की मतदान की अपील

**राजनांदगांव।** नगर निगम में महापौर पद के निर्दलीय प्रत्याशी राकेश ठाकुर ने प्रचार के अंतिम दिन जहां शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं मतदाताओं से अपने पक्ष में आशीर्वाद भी मांगा।



बांसुरी चुनाव चिन्ह को लेकर चुनाव मैदान में उतरे राकेश ठाकुर ने पूरे चुनावी प्रचार के दौरान अपने मुद्दों से भी जनता को अवगत कराया था और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया था। श्री ठाकुर ने प्रचार-प्रसार थमने के बाद उम्मीद जताई है कि जनता का उन्हें भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने जनता से अपने पक्ष में आशीर्वाद भी मांगा।

### जैनम ने की मतदाताओं से अपील



**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड क्रमांक 37 के भाजपा से पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद ने मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदाताओं से आशीर्वाद देने की अपील की है। शहर के महावीर वार्ड क्रमांक 37 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद ने प्रचार-प्रसार थमने से पूर्व विगत दिनों जमकर अपने वार्ड में प्रचार-प्रसार किया था। इस दौरान उनके पक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी रैली एवं सभा कर जैनम के लिए आशीर्वाद मांगा था। प्रचार-प्रसार थमने के बाद श्री बैद ने जनता का आशीर्वाद मिलने की उम्मीद जताई है।

### सुनील ने मतदाताओं से की अपील



**राजनांदगांव।** नगर निगम चुनाव के तहत वार्ड क्रमांक 4 के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी सुनील रामटेके ने प्रचार थमने के बाद मतदाताओं से संपर्क कर मतदाताओं को रिझाया एवं अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

शहर के ग्रामीण वार्ड 4 पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के कांग्रेस प्रत्याशी सुनील रामटेके ने प्रचार-प्रसार थमने के बाद डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान देने की अपील की। ज्ञात हो कि इससे पूर्व लगातार वार्ड में घूम-घूमकर जनसपंर्क करते रहे। बाजे-गाजे के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण कर मतदाताओं से आशीर्वाद भी मांगा था। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### अरूण ने मतदाताओं से मांगा आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** नगर निगम चुनाव में भाजपा की ओर से वार्ड क्रमांक 50 रानी जोतकुंवरबाई से पार्षद प्रत्याशी अरूण देवांगन ने प्रचार थमने के अंतिम तिथि से पूर्व पूरे वार्ड में जहां बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थकों को लेकर जहां लोगों से सघन जनसंपर्क किया। वहीं मतदाताओं से आशीर्वाद भी मांगा। प्रचार थमने के बाद श्री देवांगन डोर-टू-डोर वार्ड के मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में आशीर्वाद देने की अपील की। श्री देवांगन ने उम्मीद जताई है कि उन्हें मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा।

### शैंकी ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 24 शीतला माता वार्ड के भाजपा प्रत्याशी शैंकी बग्गा ने मतदाताओं से मतदान की अपील की है। वार्ड क्रमांक 24 शीतला माता वार्ड के भाजपा प्रत्याशी शैंकी बग्गा ने प्रचार-प्रसार थमने से पूर्व वार्ड का लगातार भ्रमण कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके पक्ष में विगत दिनों जमकर प्रचार-प्रसार किया। डोर-टू-डोर संपर्क कर भी उन्होंने वार्ड की जनता से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने मतदाताओं से मतदान की अपील की है।

### राजेश गुप्ता का बाजे-गाजे के साथ धुंआधार प्रचार



**राजनांदगांव।** शहर के नगर निगम चुनाव में महापौर पद हेतु निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजेश गुप्ता (चम्पू) सीटी छाप चुनाव चिन्ह को लेकर मैदान में हैं। वे लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे हैं। प्रचार के अंतिम दिन महापौर पद के निर्दलीय उम्मीदवार राजेश गुप्ता (चम्पू) ने बाजे-गाजे एवं बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ शहर में रैली निकाली। इस दौरान वे सड़कों में झाडू लगाकर साफ-सफाई करते हुए नजर आए। उन्होंने डोर-टू-डोर भी संपर्क कर चुनाव में अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों की उपस्थिति रही। वे अपने जनसंपर्क के दौरान शहर के मूलभूत समस्याओं को सामने रखकर उनका निराकरण करने का वादा भी मतदाताओं से किए।

### भाजपा प्रत्याशी यादव ने गुरूद्वारा जाकर मत्था टेका



**राजनांदगांव।** भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव वैसे तो जनसंपर्क के दौरान वार्डो व मोहल्लों में पड़ने वाले सभी धार्मिक स्थलों पर माथा टेकते ही रहे, किन्तु प्रचार अभियान के अंतिम दिन वे गुरूद्वारा जाना नहीं भूले। श्री यादव ने गुरूद्वारा पहुंचकर सिक्ख भाईयों की परंपरा के अनुसार रस्म अदायगी कर श्री गुरूग्रंथ साहिब के सामने नतमस्तक होकर शहर की खुशहाली की कामना की।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास तिवारी की अगुवाई में जिला न्यायालय में स्थित अधिवक्ताओं के बार एसोसिएशन में जाकर सभी वकीलों से व्यक्तिगत मुलाकात की तथा उनकी रोजमर्रा की समस्याओं को देखा व सुना। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, नवीन शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## 155 मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

# शहर के बूथों में डेढ़ हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे चुनाव की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के 51 वार्ड में नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज सुबह 8 बजे कृषि उपज मंडी से मतदान सामग्री देकर पोलिंग पार्टी रवाना किया गया। मतदान संपन्न करने के लिए शहर के 155 मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी सहित 4 मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 620 मतदान दल कर्मचारी 60 रिजर्व कर्मचारी शामिल है। वहीं 1 ऑब्जर्वर, 11 सेक्टर ऑफिसर, 12 रूट अधिकारी तैनात रहेंगे। वहीं 50 लोगों की ड्यूटी मतदान दल वापसी के लिए लगाई गई है।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए शहर में 148 मतदान केंद्र और 7 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 15 रिजर्व मतदान दल भी रखा गया है।



### सुबह 8 से 5 बजे तक मतदान

नगरीय निकाय चुनाव के तहत शहर में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसके लिए इन मतदान केन्द्रों में पोलिंग पार्टी रवाना कर दी गई है।

### हर बूथ पर पर दो बैलेट यूनिट

मतदान केन्द्रों में हर बूथ पर दो वोटिंग मशीन लगाई जाएगी। जिसमें सफेद रंग की पर्ची वाले वोटिंग मशीन में महापौर प्रत्याशी और गुलाबी रंग की पर्ची वाले वोटिंग मशीन में पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदान होगा।

### सवा लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

नगरीय निकाय चुनाव के तहत शहर में सवा लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते शहरी सरकार का चुनाव करेंगे। प्रत्येक मतदाता द्वारा महापौर और पार्षद के लिए मतदान किया जाएगा। एक लाख 35 हजार 151 मतदाता वाले राजनांदगांव शहर में पुरूष मतदाताओं के मुकाबले महिला मतदाता अधिक है। यहां पुरूष मतदाताओं की संख्या 65 हजार 17 है। वहीं महिला मतदाता 70 हजार 132 है।

### सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई है। जिसमें लगभग 850 से पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में एक पुलिस जवान और कोटवार की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी अलग-अलग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के तहत भ्रमण करेगी।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को भगाया फरार आरोपी पकड़ाया

- छुईखदान थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन व बहला-फुसलाकर भगाकर चार साल से फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान के अपराध धारा 363 भादवि के प्रकरण में विवेचना के दौरान सायबर सेल केसीजी की मदद से कॉल डिटेल एवं सीडीआर प्राप्त कर अपहता को भिलाई से बरामद कर 1 फरवरी को परिजन को सुपुर्द किया गया है।

इस मामले में आरोपी घासी चंदेल 21 साल साकिन केकराजबोड घटना के बाद से फरार था।

10 फरवरी को आरोपी घासी चंदेल को हिरासत में लेकर अपराध सदर की धारा 363, 366, 376, 376(2), (ढ), 109, 176, 212 भादवि, 4, 6, 17 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

## छात्रों ने देखा परीक्षा पर चर्चा का प्रसारण



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सुबह 11 बजे परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। विद्यार्थियों ने परीक्षा की तैयारी के पूर्व एवं परीक्षा के समय होने वाली समस्याओं का समाधान पाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे पहले उन्हीं विषयों को पढ़े, जो उन्हें डरा रहे हैं। प्रत्येक विद्यार्थियों को सूर्य स्नान जरूर करना चाहिए तथा भरपूर नींद के साथ अच्छी डाईट लेनी चाहिए। भोजन अच्छे से चबाकर खाना चाहिए और असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। फेल होने से जीवन रूकता नहीं है, जो खुद से प्रतिस्पर्धा करता है उसका विश्वास कभी टूटता नहीं है। ऐसे अनेक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मोदी द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं प्राचार्यगण का मार्गदर्शन भी बच्चों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा संबंधी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परीक्षा में बढ़ते तनाव का समाधान पाया। कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शहर में पुलिस का निकला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने व शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें पुलिस अधिकारी सहित पुलिस जवानों की मौजूदगी रही।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में 10 फरवरी को नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक व प्रशिक्षु आईपीएस इशु अग्रवाल के साथ थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेंद्र सिंह, थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू, थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप, चिखली प्रभारी संजय बरेठ, निरीक्षक कृष्णा पाटले, ढालसिंह साहू, संतोष ठाकुर, अजय खेस, उमेश बघेल, कौशलेश देवांगन के साथ पुलिस लाइन के करीब 100 जवानों द्वारा नगर निगम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने थाना कोतवाली, थाना बसंतपुर, थाना लालबाग व शहर के प्रमुख चौक पुराना बस स्टैंड, गंज चौक, तिरंगा चौक, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कन्हारपुरी, लखोली, मोहरा, नंदई चौक, चिखली क्षेत्र, चौखड़ियापारा, इंदिरानगर, कौरिनभाठा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

### नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण कराने फ्लैग मार्च



**छुईखदान।** छुईखदान नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। असामाजिक तत्वों व उपद्रवियों पर निगाह रखी जा रही है। गुंडागर्दी करने वालों एवं चुनावी कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में छुईखदान नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा शांति व्यवस्था नगर में कायम रखने तथा असामाजिक तत्वों और गुंडागर्दी करने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने छुईखदान के प्रत्येक वार्डों में पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण किया गया। जिससे शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न किया जा सके।

**अधिकारी भी रहे शामिल-** फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले, थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले, यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका पैकरा एवं पुलिस बल 70 की संख्या में उपस्थित रहे।

# समिति ने शहर के समग्र विकास पर की चर्चा






**राजनांदगांव।** सामाजिक समरसता आयोजन समिति के संयोजक रूपचंद भीमनानी एवं योगेश बागड़ी ने बताया कि सभी समाज को साथ लेकर चलने से ही देश का समग्र विकास होगा। इसी परिपाटी को लेकर कल शिवनाथ वाटिका में सामाजिक समरसता समिति द्वारा सामाजिक समरसता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज की प्रमुख विभूतियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित हुए।

सामाजिक समरसता समिति के संरक्षक व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि सभी समाज मानवता की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। देश के निर्माण में समाज की सशक्त भूमिका होती है। एक प्लेटफार्म पर सभी समाज की उपस्थिति एवं उनके महत्वपूर्ण सुझाव से शहर को व्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप में सजाया जा सकता है । इसी विषय पर चिंतन करने आयोजन में शहर के लगभग 65 से अधिक समाज प्रमुखों एवं 10 संस्थाओं की भागीदारी के साथ शहर विकास के लिए चर्चा की गई। सम्मेलन में शहर की परिकल्पना एवं स्मार्ट सिटी के लिए आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए गए।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला सशक्तिकरण की हस्ताक्षर फूलबासन यादव, पद्मश्री पुखराज बाफना, बहादुर अली, दामोदरदास मूंदड़ा, प्रभा बहन, जयंती भाई पटेल, विष्णु प्रसाद साव एवं डॉ. मोहन अब्राहम उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में राजनीति की कोई बात नहीं होगी, सिर्फ शहर विकास की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां आप सभी का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लेने आया हूं। आज वह यहां बैठकर आपकी बातों को सुनेंगे और उस पर अमल करेंगे तथा शहर विकास के लिए योजनाओं को मिल-बैठकर साझा करेंगे। डॉ. मोहन अब्राहम व पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने चिकित्सा और शिक्षा की गुणवत्ता बनाने पर जोर देते मेडिकल कॉलेज के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रभा बहन ने भी अपने विचार रखे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विकास का सही अर्थ इतना ही है कि सभी समाज मिलजुल कर एक साथ शहर विकास पर चर्चा कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन रूपचंद भीमनानी ने किया। आयोजन को सफल बनाने कचरू शर्मा, अमर लालवानी, रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, अंकित खंडेलवाल, हेतल भोजाणी, सरदार तरणदीप अरोरा, इरफ़ान शेख, पवन पटेल, गेमू कुंजाम, राजेश खांडेकर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

# गंडई में अवैध शराब से भरी बोलेरो जब्त, चालक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक सफेद रंग की बोलेरो कार से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की बोलेरो कार में मध्यप्रदेश निर्मित शराब परपोड़ी की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम दनिया पुलिया के पास चारभाठा रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक सफेद रंग की बोलेरो कार को रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें 18 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मिली। प्रत्येक पेटी में 50-50 नग शराब के पौवे थे। इस प्रकार कुल 900 पौवे शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक कमलेश कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर लिया है।

अवश्यकता है
अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन, कोपा)
योग्यता - बी.ई./डिप्लोमा/आई.टी.आई.
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
कमलादेवी प्रा. आई.टी.आई
पता- अंबागढ़ चौकी रोड, मोहड़, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801 ईमेल- kamladeviiti55@gmail.com









## खबर संक्षेप

### पीएम नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला में परीक्षा पे चर्चा विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहराई से चर्चा की गई और परीक्षा के भय को कैसे दूर करें इस पर प्रधानमंत्री द्वारा छात्र-छात्राओं को बहुत ही सहज उपाय बताया गया। उन्होने कहां कि छात्र छात्राएं अपना सर्वागीण विकास कैसे करें तथा अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, इस पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ विद्यार्थियों को विशेषता तनाव से कैसे मुक्त रहें इस पर विशेष चर्चा की गई, कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता जरूरीः डॉ केशव

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला चिकित्सालय के ओपीडी हॉल में बीते दिनों कैंसर के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ बीएल राज, मुख्य चिकित्सा एवं केशव ध्रव सिविल सर्जन की अध्यक्षता में किया गया। इसमें डॉ जितेन्द्र वर्मा, डॉ हर्षित टुवानी, डॉ अर्पित यादव, डॉ अनामिका पटेल, डॉ अंजू सोनवानी और बालाराम साहू ने उपस्थित लोगों को कैंसर के बचाव के बारे मे जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रव ने बताया कि कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों की प्रोत्साहित करने का एक अहम अवसर है। आज कैंसर दुनिया में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है और इसके बढ़ते मामलों को देखते हुए इस दिन का महत्व और भी अधिक हो जाता है। उन्होने बताया कि कैंसर की रोकथाम उपचार और इस बीमारी के द्वारा में लोगों को जन जागरूक करने की लिए यह प्रयास बेहद जरूरी है। डॉ जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि यदि कैंसर का इलाज प्रारंभिक अवस्था में किया जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है लेकिन अधिकतर मामलो में लोगो को इसके लक्षणों के बारे में जानकारी नही होती।

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के चार खिलाड़ियों ने प्राप्त किया कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 16वी सीनियर वेस्ट जोन राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन उत्तरप्रदेश के मेरठ शहर में 07 से 09 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के पुरुष वर्ग टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से रवींद्र साहू, प्रवीण साहू, कलेश्वर निर्मलकर एवं महिला वर्ग में कविता सिन्हा का चयन हुआ था, जो 05 फरवरी को रायपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए थे, वहीं इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों ने बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है, उन्होने बताया कि अकेडमी के चार खिलाड़ियों का चयन सीनियर वेस्ट जोन सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिनमें छत्तीसगढ़ पुरुष वर्ग की टीम का पहला मैच राजस्थान के साथ हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम को 01-00 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा, उसके पश्चात दूसरा मैच उत्तरप्रदेश के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्तरप्रदेश को 09-00 के स्कोर से हराकर मैच जीता और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किए, जिसमे छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम का सामना महाराष्ट्र के साथ हुआ। इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से महाराष्ट्र को 03-01 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का सामना मध्यप्रदेश के साथ हुआ जो बहुत ही रोमांच भरा रहा। इस मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम ने छत्तीसगढ़ को 02-01 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम को कांस्य पदक से ही संतुष्ट होना पड़ा साथ ही साथ महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का पहला मैच महाराष्ट्र के साथ हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ की महिला टीम को 01-00 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा दूसरा मैच उत्तरप्रदेश के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने उत्तरप्रदेश को 10-00 से हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ महिला टीम का सामना राजस्थान के साथ हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से राजस्थान को 05-03 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला महाराष्ट्र के साथ फिर से हुआ पर महाराष्ट्र के साथ हार का सामना करना पड़ा और छत्तीसगढ़ की महिला टीम को भी कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा।

### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी



अकेडमी के चार खिलाड़ियों द्वारा सीनियर वेस्ट जोन सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशी कुमार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ उपाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## 11942 मतदाता मतदान कर नए पार्षदों एवं अध्यक्ष का करेंगे चयन

# शहर सरकार के लिए मतदान आज

**डोंगरगांव।** अगली शहर सरकार के लिए कल 11 फ़रवरी को मतदान होगा। मतदान कराने के लिए सोमवार को सामग्री वितरण किया गया। शहर के 11 हजार 942 महिला-पुरुष मतदान कर नए अध्यक्ष और पार्षदों का चयन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा से अंजू त्रिपाठी, कांग्रेस से पुष्पदेवी यदु प्रत्याशी है। वहीं कांग्रेस से त्यागपत्र देकर निवर्तमान उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने अपनी पत्नी पिंकी लोढ़ा को मैदान मे उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरिता ढीमर भी अपनी किस्मत आजमा रही है। नाम वापसी और चिन्ह आबंटन के बाद से प्रचार थमने तक सभी उम्मीदवारों ने मतदाताओं को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ा।





### चुनाव प्रचार पर लगा विराम

**डोंगरगढ़।** चुनाव प्रचार थमने के बाद भाजपा- कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपनी बातों को रख कर मतदान करने का आव्हान किया। प्रचार के लिहाज से देखा जाए तो शुरू से आखिरी दिन तक भाजपा आगे नजर आई। वहीं कांग्रेस ने अंतिम दिन शहर में माहौल बनाया। अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवार और उनके समर्थक अपने वार्डो में मतदान करने के अपील करते दिखाई दिये।

### भाजपा ने किया डोर टू डोर प्रचार

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में हो रहे नगर पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने भाजपा के अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवारों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। पहली बार नगर पंचायत के चुनाव होने से मतदाता में उत्साह देखने मिल रहा है। अध्यक्ष के उम्मीदवार देवेन्द्र साहू जो पूर्व में सरपंच रह चुके है अपने कार्यकाल में कराए कार्यों को मतदाताओं को रखकर समर्थन मांगा। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा नेता जीत के लिए एकजुटता के साथ डटे रहे। इस दौरान अध्यक्ष पद के उम्मीदवार देवेन्द्र साहू, चुनाव प्रभारी सुनील जैन चीकू, मनोज कांडे, रमेश यादव, राजेन्द्र तिवारी, जीवन साहू, नोबल साहू, ममता निर्मलकर, हेमलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

**गंडई पंडरिया।** निकाय चुनाव के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया है।उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम की टेस्टिंग के बाद मतदान कराया जाएगा। जानकारी अनुसार सोमवार को शासकीय हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पोलिंग बुध के अधिकारियों कर्मचारियों को एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर सुश्री रेणुका रात्रे ने अंतिम प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मतदान के दौरान बरतने वाले एहतियात और अन्य प्रक्रियाओ से अवगत कराया गया। प्रत्येक मतदान केंद्र में 4 अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया गया है। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने 70 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती किया गया है।

# भाजपा अधिकृत प्रत्याशी ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 कुण्डा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रामकुमार भट्ट ने रविवार को क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में संघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, वही श्री भट्ट को इस अभियान से क्षेत्रवासियों का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होने ओडाडबरी, कुण्डा, मकरी, खैरातुलसी, वितपुर और भरेवा पूरन में जनसंपर्क अभियान किया। जनसंपर्क के दौरान श्री भट्ट ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और चुनावी एजेंडे के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों के बेहतरी के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। ग्रामीणों ने इस जनसंपर्क अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हें भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया। जनसंपर्क के दौरान श्री भट्ट ने कहा इस क्षेत्र की समस्या को दूर करने लिए प्रतिबद्ध तथा लोगो का आशीर्वाद एवं समर्थन मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है। लोगो के समर्थन और आशीर्वाद ने ही मुझे दो बार जिला पंचायत कबीरधाम पहुंचाया और अध्यक्ष बनाया इस बार फिर आप लोगो के आशीर्वाद और समर्थन से जिला पंचायत कबीरधाम में प्रतिनिधित्व करने पुनः मौका मिलेगा यह मुझे यकीन के साथ पूर्ण विश्वास है। इस अवसर पर प्रत्याशी रामकुमार भट्ट, मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, ओबीसी मण्डल अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर, साहेब लाल सोनवानी, फेकूराम साहू, प्रताप सेन, अमन खनूजा, सूरज यादव, राजू पाण्डेय, शिवकुमार चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।



## योगेश्वर चन्द्राकर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 व 04 कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में किया चुनाव प्रचार-प्रसार



**हरिभूमि कोलेगांव।** स्थानीय कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता इंजी योगेश्वर चन्द्राकर द्वारा जिला पंचायत के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में 7 फरवरी को आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ग्राम टाटाकसा में सर्वप्रथम जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती रेखा रामायण कुर्रे के पक्ष में पदाधिकारियों द्वारा बैठक आहूत किया गया। इस बैठक में युवा नेता कांग्रेस इंजी योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए काम करने का समय आ चुका हैं, इसलिए हम सभी को एकजुट होकर अधिकृत उम्मीदवार को ही आगे बढ़ाना होगा तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी और संगठन में भी ताकत आएगी, जिससे संगठन मजबूत हो सकेगा। श्री चन्द्राकर ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 के प्रत्याशी श्रीमती रेखा कुर्रे के पक्ष में पंचायत और बूथ प्रभारियों के माध्यम से आम नागरिकों के बीच जाकर प्रचार प्रसार करने का काम किया जाएगा। आम जनता के बीच में जाकर उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। वहीं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 का भी बैठक ग्राम कुण्डा में किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 के अधिकृत प्रत्याशी सुधांशु बघेल के साथ उपस्थित थें और उनके पक्ष में बैठक कर सभी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर चुनाव मैदान में डटे रहने का संकल्प लें और अपने लक्ष्य को सुनिश्चित करने का प्रयास करें और सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का आह्वान किया गया, जिससे कि हम लोग जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 के अधिकृत प्रत्याशी व मतदान में हिस्सा लेकर मतदान करने का संकल्प लिया जाए। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03 प्रत्याशी को कुण्डा में जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ करते हुए आम नागरिकों से संवाद कर सभी लोगों से अपील करते हुए आशीर्वाद लिया।



## जनपद सदस्य के प्रत्याशी छत्र किशोर सानू तिवारी ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में किया जनसंपर्क

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कुआंमालगी, अमलीमालगी, सेमरकोना, निगापुर, सैहामालगी, भटरूसे, सोमनापुर, कंझेटा, महुआमड़वा क्षेत्र क्रमांक 17 से जनपद सदस्य के लिए छत्र किशोर सानू तिवारी गांव-गांव व डोर-टू-डोर संघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात किया। मिली जानकारी के अनुसार छत्र किशोर सानू तिवारी को इस अभियान से क्षेत्रवासियों का भारी समर्थन मिल रहा है। इस जनसंपर्क के दौरान छत्र किशोर सानू तिवारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और चुनावी एजेंडे के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों के बेहतरी के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। ग्रामीणों ने इस जनसंपर्क अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हें भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ जनसंपर्क कर क्षेत्र का संघन दौरा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### क्षेत्रों से अलग-अलग भाषाओं के जानकार विद्यार्थियों से पीएम की परिचर्चा

# छात्र-छात्राओं ने पीएम से परीक्षा में सफलता के गुर सीखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल रौचन के कक्षा 6वी से 10 तक के विद्यार्थी एवं शिक्षक परीक्षा पर चर्चा के लाइव प्रसारण पर जुड़े रहे। जिसमें देश के प्रधानमंत्री ने देश के विद्यार्थियों को प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी परीक्षा पर चर्चा पर गुर बातें बताई। उक्त कार्यक्रम प्रातः 11 बजे प्रारम्भ हुआ जहां कक्षा 6वी से 8वी तक के 79 विद्यार्थी एवं कक्षा 9 वीं से 10 वी के 97 विद्यार्थी एवं 10 शिक्षक शामिल हुए। छात्र छात्राओं के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यालय के स्मार्ट क्लास में प्रॉजेक्टर से व्यवस्था की गई थी। इस बार की चर्चा का प्रारूप हर बार से भिन्न रहा, अलग-अलग क्षेत्रो से अलग-अलग भाषाओ के जानकार विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री की परिचर्चा सार्थक दिशा में चलती रही। जिसमें विद्यार्थियों को परीक्षा में तनाव से बचने, सफल होने से सम्बंधित अपने विचारों को प्रकट किया, जिनका जवाब उन्ही बच्चो से परिचर्चा में मिलते रहे।

प्राचार्य शिव सिन्हा एवं प्रधान पाठक नकुल वर्मा ने सेशन के उपरांत छात्र छात्राओं को सारगर्भित रूप से इसे दोहराया। वहीं व्याख्याता संजय कुर्रे, अजय सिंह, डोंगर सिंह मरकाम, नितेश सिंह, शिक्षक पन्ना लाल लोधी, उमा देवी, प्रेमराज सिंह और भानुप्रताप सिंह राजपूत ने उक्त कार्यक्रम में बच्चो के सक्रिय रूप से सहभागी होने में और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## गुहा निषाद राज जयंती समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

क्षेत्रीय मंडल भोरमदेव राजानवागांव के अध्यक्ष राजू निषाद, डाकेश्वर निषाद, रवि निषाद, गंगू मरकाम, दानी निषाद एवं मंडल अध्यक्ष टिकेश निषाद, सचिव तीजउ निषाद एवं समस्त निषाद परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ निषाद समाज जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आजू सिंह ठाकुर एवं ग्राम पचांयत राजानवागांव सरपंच गंगू मरकाम, मनराखन निषाद समाज के उपाध्यक्ष एवं शिवकुमार निषाद संरक्षक उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए टिकेश निषाद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य निषाद जाति के सभी नवयुवा एव वरिष्ठ युवागण द्वारा दूर संचार माध्यम सामाजिक समूह जातिय संगठनात्मक ढांचा के रूप में संगठित होकर के सर्वागीण विकास हेतु कृत संकल्पित होना है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## चुनाव: नगरीय निकायों के लिए जिले में बनाए गए कुल 145 मतदान केन्द्र

# 7 नगरीय निकाय के 78 हजार 817 मतदाता आज करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की दो नगर पालिका सहित पांच नगर पंचायतों में 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को जिले के सभी मतदान केन्द्रों के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए सोमवार को कवर्धा नगर पालिका के 52 मतदान केन्द्रों के लिए पीजी कॉलेज कवर्धा में सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त उपस्थित थे। जिले के सात नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के 120 वार्डो के लिए 145 मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। सभी नगरीय निकाय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवं प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके बाद मतदान दल को सामग्री का वितरण प्रारंभ किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले में दो नगर पालिका और पांच नगर पंचायत है। इन सातों नगरीय निकाय में 145 मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित 200 कंट्रोल यूनिट और 376 बैलेट यूनिट तैयार किया गया है। कवर्धा के लिए 68 कंट्रोल यूनिट और 116 बैलेट यूनिट, पंडरिया के लिए 27 कंट्रोल यूनिट और 49 बैलेट यूनिट, पिपरिया के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, बोड़ला के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, पाण्डातराई के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, इंदौरी के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, सहसपुर लोहारा के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 43 बैलेट यूनिट तैयार किया गया है।

### 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है




जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।

### नगर पंचायत इंदौरी में पहली बार मतदान

नवगिठत नगर पंचायत इंदौरी में पहली बार नगर पंचायत का चुनाव हो रहा है जिसे लेकर स्थानीय मतदाताओं में भारी उत्साह है। नगर पंचायत इंदौरी के अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।

# मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान हेतु 18 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड की जा सकती है, इसके लिए सीजीएसईसी डॉट जीओवी डॉट इन बहेमब. हवअ पद वेबसाईट में जाकर वोटर सर्च एंड प्रिंट अर्बन एवं वोटर सर्च एंड प्रिंट-रूरल नामवार सर्च करके अपना मतदान केन्द्र का विवरण देख व प्रिंट कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### अनुस्थित कर्मचारियों पर आयोग सख्त

**कवर्धा।** विकासखण्ड पंडरिया अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हुआ।जिसमें कुछ कर्मचारी अनुपस्थित थे। जिसे लेकर आयोग ने सख्त रवैया अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर से जारी नोटिस में रेणुका पटेल, अमृत चेल्से, धर्मेंद्र सिन्द्राम, संजय दिनकर, रतन सिंह मरावी, सिंदूरिता शाह, नरेश बांधवे, वीरेंद्र चन्द्राकर, संतोष सिंह ठाकुर, लेखन दास मानिकपुरी, सीमा ध्रुव, भुनेश्वरी धृतलहरे, आशुतोष सोनी, भूपेंद्र देवांगन का नाम शामिल है।

### पिपरिया बाल स्कूल में परीक्षा पर चर्चा



**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया द्वारा विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के भय को दूर करने सुझाव दिया। विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से दूर रहें, भय मुक्त वातावरण में परीक्षा की तैयारी करें, परीक्षा में फेल होने पर निराश न हों, फिर से कड़ी मेहनत करें। चुनौतियों से डरें नहीं, घबराएं नहीं। जीवन में सफलता असफलता मिलती रहती है। अपनी जीवन शैली को प्रकृति से जोड़ा होना चाहिए। पालक तथा शिक्षक विद्यार्थियों की हुनर को पहचानने का प्रयास करें तथा उसी के आधार पर उसे प्रोत्साहित करें करने जैसी अवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में शाला के एच एम श्रीमती संयोगिता सोनी, शिक्षिका श्रीमती अर्चना शर्मा, श्रीमती राम कली गुप्ता, शिक्षक बिहारी दास वैष्णव, श्रीमती मनोरमा तथा उपस्थित विद्यार्थियों की सहभागिता रही और विद्यार्थियों के लिए विशेष लाभप्रद रहीं।

# चुनाव में जमकर खप रही है अवैध शराब की खेप

## बाहरी शराब पर कार्रवाई लोकल की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मौका-बेमौका अभियान चलाकर अध्धी-पौवा सकेलने वाली जिले की पुलिस और आबकारी विभाग को चुनाव के इस मौके पर बह रहा शराब का दरिया नजर नहीं आ रहा है। जबकि कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में ही नगरीय निकाय चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक दलों के प्रत्याशी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में देशी व अंग्रेजी शराब की अध्धी-पौवा मतदाताओं को परोस रहे हैं। हालांकि दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ पहुंच रही अवैध शराब की खेप पर आबकारी विभाग तथा पुलिस प्रशासन लगातार नजर भी रखे हुए और कार्यवाही भी कर रहा है। एक जानकारी के मुताबिक बीते करीब 10 दिनो के भी ही आबाकारी विभाग तथा पुलिस प्रशासन करीब एक करोड़ मूल्य की बाहरी शराब जप्त कर चुकी है और कई तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन जहां तक छत्तीसगढ़ निर्मित अवैध शराब की बिक्री की बात की जाए तो उस पर कार्यवाही लभभग सून्य है। सूत्रों की माने जिले में होने वाले नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनावों में शराब की मांग को देखते हुए चुनाव के पूर्व ही अवैध शराब का भारी स्टाक संबंधितों द्वारा पहले ही जमा कर लिया गया है। वहीं सूत्रों की माने तो जरूरत के मुताबिक अभी भी व्यवस्था की जा रही है। नियम की बात की जाए तो निर्धारित मात्रा से अधिक शराब का स्टाक रखना आबकारी एक्ट के तहत गैर कानूनी है। बावजूद इसके जिले में खप रही लोकल शराब की धरपकड़ न के बाराबर हो रही है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षों में चुनाव के मायने बदल चुके हैं। आज चुनाव में ढोल धमाका, मोटर गाड़ी, प्रचार सामग्री एक बार कम पड़ जाए तो कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लेकिन शराब कम पड़ जाए तो रातों रात एक प्रत्याशी के हांथ से बाजी दूसरे के हांथ में चली जाती है और इस बात से हर प्रत्याशी भली भांति वाकिफ होता है। यही वजह है कि इस बार भी नगरीय निकाय चुनाव से लेकर पंचायत चुनाव के सभी प्रत्याशी शराब पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही वजह है कि जिले में जमकर शराब का दरिया बहाया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले में होने वाले नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने मांग के अनुरूप अध्धी पौवा परोसी जा रही हैं। फोकट में बंट रही इस अवैध शराब का मजा मतदाता भी जमकर उठा रहे हैं। जितने प्रत्याशी उतनी शराब पाकर पियक्कड़ों की तो मानों चांदी हो गई है। पर दुखद यह है कि चुनाव के मौके पर बट रही इस फोकट की शराब से कुछ नए शराबी भी तैयार हो रहे हैं। चुनावी मौसम में बह रहे इस शराब के दरिया में कुछ मासूम भी गोता लगा रहे हैं और अनजाने में अपने नाजुक कलेजा को छलनी करने में लगे हुए हैं। लेकिन इन सबके बावजूद जिले का पुलिस और आबकारी विभाग कुंभकरणीय नींद सो रहा है। लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि जो पुलिस व आबकारी प्रशासन बेमौके पर अभियान चलाकर कुछ कोचियों से अध्धी पौवा सकेलकर अपनी पीठ थपथपाते नजर आती है अब वह इस विशेष मौके पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही है।



### इमानदार शराब के शौकीन

चुनाव के इस सीजन में शराब के कुछ ईमानदार शौकीन भी है। इन शराब के शौकीनो का साफ कहना है कि हम तो रोज अपने पैसों से शराब खरीदकर अपना शौंक पूरा करते हैं। चुनाव में एक दो दिन अगर कोई फोकट में शराब की एककाद चेपटी दे भी देता है तो हम बदले में उसे अपना वोट दे दें ऐसा नहीं हो सकता है।

## बसंत की दस्तक के साथ ही होली की तैयारी शुरू...

**कवर्धा।** धर्म नगरी कवर्धा सहित अंचल में बसंत पंचमी के साथ ही रंगो के त्यौहार होली की तैयारियां शुरू हो चुकी है। परम्परा के अनुसार बसंत पंचमी के प्रारंभ होते ही अंचल में गाड़े गए होली के दांड स्थापित कर दिए गए है। जो इस बात की सूचना दे रहे हैं कि अब फगुवा आने वाला है। हालांकि शुरूआती दौर में सिर्फ फगुवा का दांड गाड़ा गया है जो कवर्धा सहित अंचल में गवंई गावों में देखे जा सकते है। जिसमें गांव के बच्चों द्वारा अब थोड़ी-थोड़ी कर लकड़ी, झाड़ी तथा होली में दहन करने लायक सामग्री एकत्र की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पंचांग के अनुसार इस बार होलिका दहन का मुहूर्त 13 मार्च, रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में होलिका दहन के लिए कुल 1 घंटे 4 मिनट का समय मिलेगा।



# ग्राम छिरहा हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण देखा-सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे नई दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा। प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस प्रसारण को विद्यालय के 175 विद्यार्थी व 4 शिक्षक लाभान्वित हुए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम देखने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारे लिए उपयोगी व प्रेरणास्पद बातें बताया, जो हमारे विद्यार्थी जीवन को तनावमुक्त बनाने में काम आएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि छिरहा स्कूल में इससे पूर्व विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा टिप्स देने के लिए भी कार्यक्रम में आयोजित किया गया था। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आगमन के पूर्व दिया जा रहा आमंत्रण

# आदित्य वाहिनी ने निकाली आमंत्रण रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के नगर आगमन के पूर्व आदित्यवाहिनी द्वारा नगर में दोपहर 3 बजे भव्य आमंत्रण रैली निकाली गई तथा घर-घर आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि 9 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात श्रीमद् जगतगुरु पुरीशंकराचार्य का कवर्धा आगमन होने का रहा है, जिसके लिए आदित्य वाहिनी संस्था द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। सरदार पटेल मैदान में धर्मसभा के लिए बड़ा डोम लगाया गया है वहीं यूनियन चौक स्थित निवास स्थल में दर्शन, दीक्षा, संगोष्ठी एवं पादुका पूजन के लिए विशाल आकर्षक पंडाल लगाया गया। इसी क्रम में सोमवार को यूनियन चौक स्थित आदित्यवाहिनी कार्यालय से शीतला मंदिर होते हुए सराफा बाजार व नवीन बाजार तक डोर-टू-डोर आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान आदित्यवाहिनी के सदस्यगणों के साथ बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद तथा अन्य सहयोगियों द्वारा हाथों मंज भगवा ध्वज लेकर एवं सनातन धर्म का जयकारा लगाते हुए घर-घर आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम को लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह व भक्तियम का वातावरण बना हुआ है। श्रीमद् जगतगुरु पुरीशंकराचार्य से दीक्षा लेने एवं उनका आशीर्वचन प्राप्त करने बड़ी संख्या में अन्य जिलों से भी श्रद्धालु आएंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को दिया गया आमंत्रण आदित्य वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष मारुति शरण शर्मा एवं राकेश तिवारी ने राजधानी जाकर अन्य विशिष्ट जनों के अतिरिक्त विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को संस्था की ओर से आमंत्रण पत्र दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार किया तथा कार्यक्रम में आने की सहमति भी दी। उक्त जानकारी आदित्य वाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने दी।

# मतदान दल के प्रशिक्षण में अनुपस्थित 9 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी

- संबंधितों को स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 08 फरवरी को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 09 अधिकारी-कर्मचारियों को रिटर्निंग अधिकारी बोड़ला ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं पंचायती राज निर्वाचन नियम 1995 के विपरीत है जो कि शासकीय कार्यों में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है। जिसके तहत पर्यवेक्षक सुश्री मनीषा साहू, सुश्री अहिल्या कोठारी, शिक्षक श्रीमती अनिता बंजारा, श्रीमती अमिता पाण्डेय, रामलाल, सुशील कुमार चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, उत्तमदास मांडले, राजूकुमार पाटिल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 मतदान दलों का प्रशिक्षण 08 फरवरी को पी. एम.श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में आयोजित की गई थी लेकिन उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं पंचायती राज निर्वाचन नियम 1995 के विपरीत है जो कि शासकीय कार्यों में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है। इस संबंध में संबंधित को अपना स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर अद्योहस्तारकर्ता के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। उत्तर समाधान कारक नही होने पर संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।